हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री


13 यदि आपका काम नहीं होता है तो चुप न बैठें : अरुण





14 होर्डिंग्स, फ्लैक्स, एड एजेंसियों का लाखों बकाया...




## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक आज

**धमतरी।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार 7 मई को रखी गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शाम साढ़े 4 बजे से आयोजित बैठक में किसी भी जुलूस, सभा, शोभायात्रा, भंडारा, जनसमुदाय के एकत्रीकरण के पूर्व अनुमति, यातायात व्यवस्था की स्थिति, डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित, कोलाहल अधिनियम का पालन और कहीं भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल थाने अथवा मजिस्ट्रेट को सूचना देने के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों को उपस्थित होने के लिए सूचना पत्र भी जारी कर दिया गया है।

### खिसोरा में आज लगेगा समाधान शिविर

**धमतरी।** सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को जानकारी देने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करने के लिए सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 मई से समाधान शिविर लगाया जा रहा है। मगरलोड के ग्राम पंचायत खिसोरा में 7 मई को समाधान शिविर लगेगा। इस शिविर में ग्राम मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, डूमरपाली, नवागांव धौ., भोथीडीह, रांकाडीह, धौराभाठा नवा., कपालफोड़ी और गाड़ाडीह शामिल होंगे।

### पीईटी एवं पीपीएचटी होगा दो पॉली में 8 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा बुधवार 8 मई को शहर में पीईटी एवं पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा 2 एवं 3 केन्द्रों में होगी। प्रथम पॉली में प्रातः 9 से दोपहर 12:15 बजे तक बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 360 परीक्षार्थी एवं एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय में 239 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कुल 599 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार व्दितीय पॉली दोपहर 2 से 5:15 बजे तक पीपीएचटी की परीक्षा में पीजी कॉलेज में 480, एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में 360 एवं शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या उमावि में 260 परीक्षार्थी इस प्रकार पीपीएचटी की परीक्षा में कुल 1100 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8:30 बजे एवं दोपहर 1:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा के लिए डॉ. विनोद कुमार पाठक समन्वयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा) पवन कुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम कपालफोड़ी निवासी हेमंत ध्रुव पिता समारूराम उम्र 45 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। रविवार को अपने बेटे को इंदिरा आवास के लिये कालम गड्ढा खोदने के लिये जगह बताकर घर चला गया। उसकी पत्नी अनुसुईया ध्रुव सामान खरीदने किराना दुकान चली गई। इस दौरान अधेड़ ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। दुकान से वापस लौटने पर पत्नी ने पति को घर में जहर सेवन किये हालत में पाया। पुत्र लोमश ध्रुव को फोन से घटना की सूचना देकर घर बुलाया। परिजनों ने अधेड़ को तत्काल उपचार के लिये मगरलोड अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से रात्रि में रिफर करने पर अधेड़ को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

---

आंधी और ओलावृष्टि से किसानों को भी हुई काफी क्षति

# खराब मौसम से गिरे 65 पोल विभाग को 3 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लगातार 10 दिन तक खराब मौसम ने बिजली व्यवस्था पर गहरा असर छोड़ा है। धमतरी डिवीजन में ही 65 खम्भे टूट गए। तारों को भी काफी क्षति पहुंची है। मौसम के इस तेवर से विद्युत विभाग को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। कर्मचारी भी परेशान रहे।

पिछले 10 दिनों से जिले का मौसम काफी खराब रहा। कभी भी काले बादल घिर आते थे और बारिश हो जाती थी। यही नहीं आंधी और ओलावृष्टि से भी किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। अब जाकर मौसम खुलने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विक्षोभ का असर अब दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर रहेगा। धमतरी सहित अन्य जिलों में मौसम खुलेगा। यह खबर किसानों के लिए काफी राहतभरी है। यही नहीं बिजली विभाग ने भी मौसम खुलने की खबर से राहत की सांस ली है। खराब मौसम से बिजली विभाग काफी झटका झेल चुका है। आंधी तूफान से छाती, नगरी, बेलरगांव, कुकरेल सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र में करीब 65 पोल धराशायी हो गए हैं। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी ने बताया कि सभी जगहों पर व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई है। कर्मचारी दिन- रात बिजली बहाल करने में जुटे रहे। खराब मौसम से बिजली विभाग को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### कई जगह गिरे पेड़

मंगलवार को यातायात थाना के पास एक पेड़ गिर गया। इससे कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन एक पुलिसकर्मी की बाइक पेड़ के नीचे दब गई। इससे पहले आमातालाब रोड, महिला सेल में भी पेड़ गिरने की घटना हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र में आंधी तूफान से कई पेड़ धराशायी हो गए थे। कई रास्ते ब्लाक हुए थे, जिसे बहाल कर लिया गया है। पेड़ों के गिरने से लगभग जिले के हर क्षेत्र में बिजली के तारों को नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह हैकि ट्रांसफार्मर जैसे एक भी बड़े उपकरण को नुकसान नहीं पहुंचा है।

---

# हर साल 30 छात्रों को 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की मजबूरी

सुदूर वनांचल में सुविधा नहीं, तुमड़ीबहार हाईस्कूल का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा ने तुमड़ीबहार हाईस्कूल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग कलेक्टर से की है।

ग्राम पंचायत ठेनही सरपंच ज्योति सोम, उपसरपंच रूपेश्वर नाग, जनपद सदस्य सिरधन सोम, शा. स्कूल तुमड़ीबहार शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नगरी विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में पूर्ण आदिवासी बसाहट वाले ग्राम पंचायत ठेनही, बेलरबाहरा, मेचका, छोटे गोबरा के अधीनस्थ ग्राम तुमड़ीबहार में सन 2006-07 से हाईस्कूल संचालित है, जिसमें कक्षा 10वीं तक ही पढ़ाई होती है। 11वीं, 12वीं की पढ़ाई के लिए 20 से 25 किमी दूर ग्राम सांकरा-नगरी जाना पड़ता है। संसाधन की कमी और घनघोर जंगल होने से छात्रों को आने-जाने में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण आर्थक रूप से कमजोर छात्रों को हाईस्कूल से आगे की पढ़ाई के लिए वंचित होना पड़ रहा है। हर वर्ष 10वीं के बाद 20 से 30 छात्रों को पढ़ाई छोड़नी पड़ रही है। ज्ञापन में आगे कहा है कि किसान संघर्ष समिति जोन बेलबाहरा क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत थी लेकिन आज तक कोई मांग पूरी नहीं हो सकी। समिति ने हाईस्कूल तुमड़ीबहार का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग की है।

---

# चालक ने कार का अचानक दरवाजा खोला, टकराने से बाइक सवार दंपति घायल

- सिटी कोतवाली में चालक के खिलाफ अपराध हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चालक द्वारा खड़ी कार का अचानक दरवाजा खोल देने से बाइक सवार दंपति टकराकर गिर गए। इस घटना में पति, पत्नी व 6 वर्षीय बच्चा घायल हो गया है।

पुलिस के अनुसार गुलमोहर वाटिका कालोनी निवासी कीर्तिबाला देवांगन, पति उमाकांत देवांगन उम्र 39 वर्ष व बेटा तुलाजी देवांगन 6 वर्ष 21 अप्रैल को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एई 3394 पर सवार होकर सोनोग्राफी कराने खंडेलवाल एक्सरे गए थे जहां से तीनों मोटरसाइकिल से लालबगीचा गली की तरफ से संतलहरी नगर होते हुए खालसा नर्सिंग होम जा रहे थे। इसी दौरान संतलहरी नगर में एक घर के सामने चालक कुलेश्वर साहू ने चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एसवी 5666 को खड़ा किया था जिससे आने जाने वाले लोगों को असुविधा हो रही थी। दंपति सवार की मोटरसाइकिल कार के किनारे से निकल रही थी। इसी दौरान चालक ने अचानक कार के दरवाजे को खोल दिया। कार के दरवाजे से मोटरसाइकिल टकरा गई। घटना में तीनों मोटर साइकिल सहित सड़क पर गिर गए। हादसे में तीनों घायल हो गए। बच्चे को ज्यादा चोट आई है। घायलों का मसीही अस्पताल में इलाज कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार आने पर कीर्तिबाला देवांगन ने सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी चालक कुलेश्वर साहू के खिलाफ धारा 125/ए, 285 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।




---


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


---

प्रेमिका को धोखे में रख कहीं और कर रहा था शादी बारात निकलने की थी तैयारी

# अपने ससुराल के बजाय दूल्हा पहुंचा बड़ा ससुराल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रेम-प्रसंग मामले में प्रेमिका को बगैर बताये किसी अन्य लड़की से शादी कर रहे दूल्हा को पुलिस ने शिकायत पर बारात जाने से पहले पकड़कर उसे बड़ा ससुराल पहुंचा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का बीते दस वर्ष से गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी निवासी चित्रांगद साहू के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर प्रेमिका से कई बार दुष्कर्म किया था। इस बीच युवक अपनी प्रेमिका को बगैर बताये उसे धोखे में रख दुर्ग के ग्राम उमरपोटी की स्वजातीय लड़की से शादी कर रहा था। युवक के घर में शादी की पूरी तैयारी कर ली गई थी। 4 अप्रैल को मंडप, तेलमाटी व चुलमाटी का कार्यक्रम हुआ। 5 अप्रैल को दूल्हे राजा की बारात ससुराल उमरपोटी जाने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच प्रेमिका को युवक द्वारा किसी अन्य लड़की से शादी रचाने की भनक लग गई। युवती ने सीधे अर्जुनी थाना पहुंचकर युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। इधर घर में दूल्हा चित्रांगद बारात जाने तैयार हो रहा था। इसी दौरान शिकायत पर पुलिस की बिन बुलाये मेहमान की तर्ज पर शादी घर में अचानक एन्ट्री हो गई। पुलिस दूल्हे राजा को पकड़कर धमतरी लाकर न्यायालय में पेश किया जहां से दूल्हे राजा को न्यायिक रिमांड पर बड़े ससुराल जेल भेज दिया गया।

### शादी घर में पुलिस को देख सन्न रह गये मेहमान

शादी में शामिल होने दूल्हे के रिश्तेदार पहुंचे हुये थे। सभी सोमवार को बारात जाने उत्साहित थे। इसी दौरान शादी घर में पहुंची पुलिस को देख सभी मेहमान सन्न रह गये। पहले तो पुलिस के आने का कारण उन्हें समझ नहीं आया। जब पूरी कहानी पता चली तो मेहमान एक-दूसरे का मुंह ताकते रह गये। प्रेमिका से छिपकर शादी रचा रहा दूल्हे राजा अपने होने वाले ससुराल तो नहीं पहुंच पाया लेकिन बड़ा ससुराल जरूर पहुंच गया है।

### कार्रवाई की गई

इस मामले में एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने मीडिया को बताया कि कि एक युवती ने अर्जुनी थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि साथ काम करने वाले एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। थाने में धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को उसके गृहग्राम से गिरफ्तार किया गया है। आगे की विवेचना जारी है।







## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में आज निकलेगी लाटरी

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 की अंग्रेजी माध्यम कक्षाओं में रिक्त सीट के विरूद्ध प्रवेश हेतु लॉटरी 7 मई को दोपहर 12 बजे चयन समिति, जनप्रतिनिधि एवं पालकों की उपस्थिति में निकाली जायेगी। लॉटरी में चयनित सूची के विद्यार्थियों के सभी दस्तावेजों की जांच के पश्चात 15 मई तक कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से प्रवेश की कार्रवाई की जायेगी। ऐसे विद्यार्थी जो कोविड-19 में अपने माता-पिता को खो चुके हैं, वे बच्चे या पालक कोविड से मृत्यु का प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेज लॉटरी तिथि से पहले स्कूल में जमा कर दें ताकि ऐसे बच्चों को महतारी दुलार योजना के तहत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जा सके।

### बड़गांव, सम्बलपुर व बेलोण्डी क्लस्टर में आज होगा सुशासन समाधान शिविर

**कांकेर।** सुशासन तिहार के तीसरे दिन 7 मई को जिले के तीन क्लस्टर बड़गांव, सम्बलपुर और बेलोण्डी पर सुशासन समाधान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें आमजनता की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे चरण की शुरूआत 5 मई से हुई है, जिसका समापन 31 मई को होगा। निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आगामी 7 मई को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर बड़गांव अंतर्गत ग्राम छिंदपाल, बड़गांव, प्रेमनगर, मण्डागांव, बड़ेझारकट्टा, मेण्ड्रा, परतापुर, मदले, नागगिदा और मुदावंडी शामिल हैं। इसी तरह जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के क्लस्टर संबलपुर अंतर्गत ग्राम कराठी, बोगर, बांसला, चवेला, करमोती, विनायकपुर, चौगेल, मुल्ला, नारायणपुर, कच्चे, टेढ़ईकोंदल, कन्हारगांव, भैंसाकन्हार 'क' और साल्हे सम्मिलित होंगे। अंतागढ़ तहसील के क्लस्टर बेलोण्डी अंतर्गत आमाबेड़ा, बड़ेतेवड़ा, मातला अ, फुपगांव, टिमनार, तुमसनार, नागरबेड़ा, बेलोण्डी, उसेली, गुमझीर, बड़ेपिंजोड़ी, बोडागांव, चंगोड़ी, कातकुड़ तथा कोलियारी में समाधान शिविर लगाया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को समाधान शिविरों में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई से ग्रामीणों को अवगत कराने और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

## कुकरेल में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में जनसमस्याओं का हुआ निराकरण

# यदि आपका काम नहीं होता है तो चुप न बैठें, आवाज उठाएं : अरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

यदि आपका काम नहीं होता है तो चुप न बैठें। संबंधित अधिकारी से शिकायत करें, अपनी आवाज बुलंद करें। अब समय आ गया है कि जनता अपने अधिकारों के लिए सजग हो। यह संदेश जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम कुकरेल में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दिया। शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना,



ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना और प्रशासन व जनता के बीच संवाद स्थापित करना रहा।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

### अधिकारियों को चेतावनी, जनता को प्रोत्साहन

अपने संबोधन में अरुण सार्वा ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें और ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने चेताया कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की जाएगी।वहीं जनता से आग्रह किया गया कि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक बनें और निडर होकर अपनी बात रखें।

### समस्याओं का हुआ समाधान, बांटे गए लाभ

शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें राजस्व, खाद्य, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य आदि प्रमुख रहे। मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और दर्जनों मामलों का तत्काल निराकरण भी किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, वन अधिकार पट्टा और आबादी पट्टा वितरित किए गए।

### जल संसाधन विभाग को निर्देश

शिविर के दौरान जल संकट की समस्या प्रमुखता से उठाई गई। ग्रामीणों ने पेयजल की कमी और सिंचाई के लिए पानी की मांग रखी। इस पर श्री सार्वा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता पर जल आपूर्ति सुनिश्चित करें और लंबित प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति दिलाएं।

### समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता

शिविर में जिला पंचायत के वन विकास सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद सदस्य शुभम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है।

### संवाद और समाधान का सफल मंच

यह समाधान शिविर एक ऐसे जनसंवाद मंच के रूप में सामने आया, जहां प्रशासन, जनप्रतिनिधि और जनता तीनों की भागीदारी ने शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया। ग्रामीणों ने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विश्वास और सुविधा दोनों बढ़ती है।

## उत्तर और मध्य छग में बढ़ेगा पारा दक्षिण छत्तीसगढ़ में आंधी चलेगी

**धमतरी।** उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में पिछले सप्ताह भर से जारी आंधी, बारिश के थमने के आसार हैं। वहीं अगले 5 दिनों तक दक्षिण छग में बादल गरजने, तेज हवाओं के चलने की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी राजस्थान एवं आसपास क्षेत्र में समुद्र तल से 4.5 से 9.4 किमी की ऊपर पर स्थित है। पूर्व-पश्चिमी द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास क्षेत्र से चक्रवाती परिसंचरण के उत्तरी मध्यप्रदेश, उत्तरी छग, झारखंड और सिक्किम होते हुए उत्तरी बांग्लादेश तक 0.9 किमी की ऊचाई पर मौजूद हैं। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण तेलांगना से चक्रवाती परिसंचरण से लेकर रायल सीमा, तमिलनाडु होते हुए मन्नार की खाड़ी तक समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक-दो स्थानों पर 30-40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। 24 घंटे तक उत्तर और मध्य छग में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। इसके पश्चात 4 दिनों में 2 से 3 डिग्री तापमान में वृद्धि हो सकती है। अगले 5 दिनों तक दक्षिण छग के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ मेघ गर्जन की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

## जातिगत जनगणना कराने का निर्णय सामाजिक न्याय की नई इबारत : बैस



**नगरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराए जाने का जो निर्णय लिया गया है, वह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और समान अवसर की भावना को सशक्त करने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। श्री बैस ने आगे कहा कि आज़ादी के 75 वर्ष बाद देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्ग की यथार्थ स्थिति को समझने और उसके अनुरूप नीति निर्माण की ठोस पहल की है। जातिगत जनगणना के माध्यम से समाज के वंचित, उपेक्षित और पीछे छूटे वर्गों की वास्तविकता सामने आएगी, जिससे उचित संसाधन वितरण और योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और सामाजिक समरसता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि भाजपा केवल वोट बैंक की राजनीति नहीं करती, बल्कि सर्वांगीण राष्ट्र निर्माण के लिए साहसिक निर्णय लेने से पीछे नहीं हटती।

## पानी की किल्लत से वार्डवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

गर्मी के दिनों में नगर के अधिकांश वार्डों में पानी की समस्या बनी रहती है। वार्ड क्रमांक 8 के निवासियों को भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए वार्डवासियों ने कई बार नगर पंचायत में इसकी जानकारी दी है। इसके बावजूद किसी भी प्रकार का कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। वार्ड वासियों का मानना है कि जिस प्रकार वार्ड नंबर 12 और एक में हैंडपंप के पानी को टंकी में शिफ्ट कर सप्लाई किया जाता है ,वैसे ही इस वार्ड में स्थित हैंडपंप में भी टंकी शिफ्ट कर पानी की किल्लत को दूर किया जा सकता है। वार्ड वासियों ने नगर के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से इस गंभीर समस्या का तुरंत निराकरण करने की मांग की है।

## जातिगत जनगणना से आयेगी पारदर्शिता : लेखराम



**अंवरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि जातिगत जनगणना से समाज के सभी वर्ग की वास्तविक समाजिक और आर्थिक स्थिति स्पष्ट हो जायेगी और पिछड़े वर्ग को ऊपर एवं आगे लाने के लिए रास्ता स्पष्ट हो जायेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने जातिगत और आर्थिक जनगणना की शुरूआत की थी ताकि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को आगे लाया जा सके। भाजपा सरकार लम्बे समय तक जातिगत जनगणना से बचती रही लेकिन कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संघर्ष से केन्द्र सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। लेखराम ने इसे राहुल गांधी की जीत और जनता के हक की दिशा में बड़ा कदम बताया।

# अब 224 घरों के नलों में पहुंच रहा पानी

- सुशासन तिहार : अकलाडोंगरी में पानी की समस्या का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी विकासखण्ड के गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र में बसा ग्राम अकलाडोंगरी पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहा था। गांव में जल जीवन मिशन के तहत ओव्हर हेड टैंक बनाकर सभी 224 घरों में नल से पानी पहुंचाने का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया था। परियोजना की टेस्टिंग कर उसके सफल होने पर पूरे सिस्टम को गांव की जलापूर्ति और स्वच्छता समितियों को संचालन के लिए सौंपा गया था। परन्तु पिछले कुछ दिनों से इस परियोजना का मुख्य मोटर पम्प खराब हो गया था, जिससे ओव्हर हेड टैंक में पानी



नहीं भर पा रहा था और गांव के घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत स्थानीय समितियों से की थी, परन्तु वे भी इसका कुछ समाधान नहीं कर पा रहे थे। ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए इस योजना की मरम्मत करने का आवेदन प्रशासन को दिया था। विष्णु के सुशासन में पानी की



आपूर्ति को फिर से चालू करने के लिए ग्रामीणों के इस आवेदन पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। विभाग के दल ने गांव में पहुंचकर परियोजन से जुड़े सभी पहुलुओं और उपकरणों की जांच की। विभागीय जांच दल ने पाया कि इस परियोजना के लिए जलापूर्ति करने वाले स्त्रोत में डाला गया मोटर पम्प खराब है, जिसके कारण पानी ओव्हर हेड टैंक तक



नहीं जा पा रहा है। विभागीय तकनीकी सहायकों ने इस ट्यूबवेल से मोटर को बाहर निकालकर उसकी मरम्मत कराई और उसे फिर से स्थापित कर दिया। अब इस जलस्त्रोत से मोटर द्वारा पानी खींचकर अकलाडोंगरी के ओव्हरहेड टैंक में भरा जा रहा है। ओव्हर हेड टैंक के माध्यम से अब पानी गांव के सभी 224 घरों कें नलों में पहुंचने लगा है।

# महापौर ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का लिया जायजा

- कर्मचारियों के काम को सराहा, कमियों पर जताई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने मंगलवार की सुबह महिमासागर वार्ड स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से पानी शुद्धिकरण की प्रक्रिया को समझा और उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर निगम आयुक्त प्रिया गोयल और जल विभाग के अध्यक्ष अखिलेश सोनकर भी मौजूद रहे।




महापौर ने कहा कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नगर निगम की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने फिल्टर प्लांट के संचालन में लगे कर्मचारियों की



मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में शहरवासियों को बिना बाधा के जल आपूर्ति मिलनी चाहिए। इसके लिए कर्मचारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। निरीक्षण के दौरान कुछ तकनीकी कमियों और व्यवस्थागत खामियों पर भी महापौर की नजर गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत इन खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि मशीनों का समय-समय पर मेंटेनेंस जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां भी सुधार की गुंजाइश हो, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने कहा कि विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और फिल्टर प्लांट की दक्षता में लगातार सुधार किया जा रहा है।

महापौर ने फिल्टर प्लांट के रिकॉर्ड, जल सैंपल की रिपोर्ट और वितरण प्रणाली की समीक्षा भी की। महापौर ने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक टीम भावना से काम करें तो किसी भी चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है। मौके पर उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षद अज्जू देशलहरे, कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन कमलेश ठाकुर उपस्थित थे।

## निधन

### हिरत राम साहू



**धमतरी।** ग्राम परसुली निवासी हिरत राम साहू 59 साल का आकस्मिक निधन हो गया। वे देवेंद्र साहू, खुमेश्वर साहू पंच, छबिलाल साहू, थानेश्वर साहू के पिता थे। उनके दाह संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

V SMILE DENDAL
Job Vacancy
डेन्टल क्लीनिक में स्टॉफ जॉब के लिए युवतियों की आवश्यकता है
वी. स्माईल डेंटल सेंटर साहू हॉस्पिटल
श्याम होण्डा के पास, धमतरी
मो. 78796-41171, 98933-99897

गुप्त रोगी संपर्क करें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## कलेक्टर ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों और सोशल मीडिया से जुड़े क्रियेटर्स के साथ की बैठक

# डिजिटल तकनीक और पेशेवर कौशल से युवा बनेंगे स्वावलंबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

### धमतरी के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने की पहल

जिले के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने की जिला प्रशासन ने एक नई पहल की है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने बारहवीं कक्षा में पढ़ रहे या बारहवीं कक्षा पास युवाओं के साथ-साथ कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगार-स्वरोजगार से जोड़ने के लिए युवा कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत अपनी पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं का कौशल उन्नयन और मूल्य वेल्यू ऑडिशन करने आज के जमाने के प्रचलित रोजगार क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण देने की योजना है। इस कार्यक्रम के तहत युवाओं को तकनीकी, डिजिटल और




पेशेवर छोटे-छोटे पाठ्यक्रमों से जोड़कर उन्हें व्यवहारिक कौशल से लैस किया जाएगा, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर पा सकें और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। इस संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और सोशल मीडिया से जुड़े क्रियेटर्स के साथ बैठक कर चर्चा भी की।



बैठक में कलेक्टर ने बताया कि युवा कार्यक्रम के तहत जिले के बारहवीं कक्षा से लेकर कॉलेज तक में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आज के जमाने की डिजिटल तकनीकों और पेशेवर कौशलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इन युवाओं को एक-दो माह के ऐसे छोटे व्यवसाय पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसके बाद वे तुरंत ही अपना काम शुरू कर सकते हों। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम चरण में प्रशासन द्वारा डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, फ्री लाउसिंग, साइबर सुरक्षा, एआई तकनीक, ड्रोन और रोबोटिक्स, फाईनेंशल मेनेजमेंट, शेफ एंड कुकिंग तथा ब्यूटिशियन जैसे शॉर्ट टर्म व्यवसायों में प्रशिक्षित करने की योजना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक संचालक डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता भी मौजूद रहे। पिछले दो दिनों में युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण के लिए 500 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। युवा इसके लिए 15 मई तक पंजीयन करा सकते हैं।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अनुसुईया साहू पति प्रभूराम साहू निवासी औद्योगिक वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी छ.ग. के द्वारा विक्रेता प्रदीपपुरी गोस्वामी पिता ओमपुरी गोस्वामी के नाम पर ग्राम पोटियाडीह प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. आमदी तहसील धमतरी जिला धमतरी कृषि भूमि स्थित है। जिसका खसरा नंबर 218, 233, रकबा 0.85 हे., 0.49 हे. को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने की पक्की बात चीत कर ली गई है। बयाना राशि भी मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को प्रदान कर दिया गया है। जिसका पंजीयन की कार्यवाही ही शेष है।

यह कि उक्त भूमि के पंजीयन किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी, सीमावर्ती भूमि स्वामी संस्था एवं बैंक आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद पश्चात कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि को पाक-साफ मान कर मेरे पक्षकार अपने नाम पर पंजीयन करा लेवेगा।

अतएव सूचना जाने।

दिनांक-06.05.2025

भवदीय
दिव्यांशु साहू (अधिवक्ता)
तहसील कार्यालय धमतरी
मो.नं. 9977405947

## खबर संक्षेप

### राशन कार्ड बनगे मोर करम खुलगे



**कांकेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के अंतागढ़ विकासखंड के सुदूर एवं संवेदनशील गांव ताड़ोकी में जिला स्तरीय समाधान शिविर में राशन कार्ड बनाने सतीघाट कोसरोंडा से अमरबती बाई राशन कार्ड बनाने पहुंची थी, मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिया गया। उनके साथ आई उनकी माता फूलोबाई ने गद्गद होकर कहा राशन कार्ड बनगे, मोर करम खुलगे। इस प्रकार समाधान शिविरों में आमजनता और ग्रामीणों की समस्याओं का फौरी तौर पर समाधान हो रहा है।

### दो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत हुई कार्रवाई



**कांकेर।** चारामा पुलिस ने अवैध रूप से बेचने और सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में आरोपी चारामा निवासी देवेंद्र देवांगन 5 मई को सार्वजनिक स्थान पर बैठकर सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा चारमा पुलिस की दूसरी कार्रवाई में दमकसा निवासी राकेश कुंजाम को आंवरी चौक चारामा के पास रोककर तलाशी ली गई। उसके कब्जे से 16 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1 हजार 440 रुपए और नकद 150 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### एकलव्य में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 8 व 9 मई को

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अनुसार 6 वीं में प्रवेश के लिए 08 एवं 09 मई को प्रातः 10 से अपरान्ह 04 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय इमलीपारा में जिला स्तर पर काउंसलिंग कर विद्यालय आबंटन की कार्यवाही किया जाएगा। कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए मेरिट और आरक्षण का पालन करते हुए काउंसलिंग के लिए सूची तैयार की गई है।

### सुशासन तिहार में राशन कार्ड में जुड़ गया ललिता का नाम

**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पारदर्शिता के साथ और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका सुकमा निवासी ललिता बेहरा पति संजय बेहरा के द्वारा राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे तत्काल सीएमओ पीआर कोर्राम के द्वारा संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया था। पत्रानुसार आवेदक को बुलाकर राशन कार्ड में नाम जोड़कर नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सुशासन तिहार में आवेदन करने के पश्चात राशन कार्ड प्राप्त होते ही ललिता के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रहा था। उन्होंने समाधान मिलते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शासन की त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि राशन कार्ड में नाम जुड़ने से हमें अब पीडीएस दुकान से अधिक खाद्यान्न मिल सकेगा।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

# मौसमी बीमारियों पर रखें कड़ी नजर पेयजल स्त्रोतों का करें क्लोरीनाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविरों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि गांवों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में प्राप्त मांग-शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। उन्होंने समाधान शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण भी सुनिश्चित करने कहा। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने हर दिन बदल रहे मौसम को देखते



हुए जिले में मौसमी बीमारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने पानी की समस्या वाले गांवों की जानकारी ली और अधिकारियों को इन क्षेत्र में हैंडपंप, बोरवेल मरम्मत तथा आवश्यकता होने पर नये बोरवेल करने कहा। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को सभी पानी टंकियों, हैंडपंपों, और बोरवेल का क्लोरीनेशन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव के अलावा विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से पेंशन प्रकरणों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में बुजुर्गों की पेंशन राशि न रूके, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महतारी वंदन योजना की जिन महिलाओं के खातों में पैसे नहीं जा रहे हैं, उनकी जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस कारण इनके खाते में पैसे नहीं आ रहे है, उनका तत्काल निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित जन औषधि केन्द्रों की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, मासिक आय की जानकारी ली और निविदा प्रक्रिया के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि निविदा प्रक्रिया राज्य स्तर से होनी है, जो प्रक्रियाधीन है। बैठक में कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरण, आय, जाति, निवास, आश्रम-छात्रावासों में दर्ज बच्चों की संख्या की भी समीक्षा की।

# 22 साल बाद मिला दो भाइयों को डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र

- मो. दानिश और खिज्र ने सुशासन तिहार में किए थे आवेदन, दो दिन में मिला प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सुशासन तिहार के कारण शहर के मोहम्मद दानिश और मोहम्मद खिज्र को 22 साल बाद डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र मिल पाया है। दोनों शहर के रिसाईपारा वार्ड क्रमांक 30 के निवासी मोहम्मद ईशहाक खान के बेटे हैं। मोहम्मद दानिश का जन्म 25 मई 2001 को और मोहम्मद खिज्र का जन्म 14 अप्रैल 2023 को धमतरी के क्रिश्चयन अस्पताल में हुआ था। दोनों भाइयों को उनके जन्म के समय अस्पताल का हाथ से बना हुआ जन्म प्रमाण पत्र मिला था। शासन के नियम अनुसार सभी जन्म और मृत्यु का पंजीयन कराकर डिजिटल प्रमाण पत्र दिया जाना अनिवार्य है। हाथ से बने हुए प्रमाण पत्र किसी भी शासकीय काम के लिए मान्य नहीं हैं। पिता की व्यस्तता के चलते और लंबे समय से इन प्रमाण पत्रों की कोई विशेष जरूरत नहीं होने के कारण दोनों का डिजिटल प्रमाण पत्र भी नहीं बन पाया था। ऐसे में दानिश और खिज्र किसी भी शासकीय योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। दोनों ने अपने डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए सुशासन तिहार में समाधान पेटी में आवेदन डाले थे। आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद नगर निगम के अमले ने दोनों से सम्पर्क कर जरूरी दस्तावेज मंगवाए और उन्हें निर्धारित शुल्क सहित पोर्टल पर अपलोड कर दो दिनों के भीतर डिजिटल प्रमाण पत्र जारी कर दिए। दो दिन में ही डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र मिल जाने से दोनों बच्चों के साथ-साथ उनके परिवारजन भी बेहद खुश हैं।

# ग्रामीण इलाकों में नए हॉस्टल शुरू होंगे वर्तमान हॉस्टल भवनों की होगी मरम्मत

- कलेक्टर ने प्रस्ताव तैयार करने अधिकारियों को दिए निर्देश
- स्कूल शिक्षा और आदिवासी विभाग के कामकाज की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्कूल शिक्षा और आदिवासी विकास विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के ऐसे स्कूल जिनके युक्तियुक्तकरण किया जाना है, उसकी अलग से जानकारी देने कहा। उन्होंने अंदरूनी क्षेत्र और कमार बसाहटों में स्कूलों को नियमित रखने के निर्देश दिए, जिससे



कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूलों को उत्कृष्टता के आधार पर रैंकिग दी और उत्कृष्ट स्कूल में किए गए कार्यों की वीडियो भी दिखाई। बैठक में सीईओ जिपं श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विमल साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अटल टिकरिंग लैब में आधुनिक जरूरतों के हिसाब से मॉडल तैयार करने बच्चों को प्रोत्साहित करें।

दसवीं और बारहवीं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए। इन शिक्षकों से गणित, भौतिक, रसायन और बायोलॉली विषय के पाठ्यक्रम के अनुसार वीडियो बनाकर स्कूलों में सर्कुलेट करने को भी कहा, ताकि बच्चों की पढ़ाई में मदद हो सके। इसके लिए उन्होंने एक रिकॉर्डिंग रूम भी तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा का अधिकार के तहत जिले में अब तक हुए प्रवेश की जानकारी भी ली। बैठक में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्रतिनिधि ने मॉडल स्कूलों के विकास पर सुझाव दिये।

आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने आदिवासी क्षेत्र में आजीविका के लिए किए जा रहे कामों की जानकारी ली। उन्होंने धरती आबा योजना के तहत कृषि और सहयोगी विभागों के कामों को भी शामिल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने धरती आबा योजना के तहत दूरस्थ आदिवासी अंचलों में बसाहटों को जोड़ने हेतु छोटी-छोटी सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजने के निर्देश भी दिये। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में नए हॉस्टल शुरू करने और वर्तमान हॉस्टल भवनों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने कहा।

# सोलर हाईमास्ट लाइट, सोलर पंप मरम्मत और सोलर ड्यूल पंप के बदले गए वॉल्व

- सुशासन तिहार : क्रेडा को मिले आवेदनों पर की गई त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगों की मांग, शिकायत और समस्या संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने और योजनाओं तथा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सहित जिले में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों के अधिकांश आवेदनों पर त्वरित गति से कार्रवाई भी की गई। इनमें क्रेडा को मिले हाईमास्ट लाइट सुधार के संबंध में दो आवेदन, सोलर पम्प में सुधार करने संबंधी दो आवेदन सहित ड्यूल पम्प के खराब गेट वॉल्व बदलने जैसे आवेदनों का निराकरण किया गया।

सुशासन तिहार में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम डांगीमाचा के कमलेश्वर उईके ने गांव में लगे जल जीवन मिशन के तहत सोलर ड्यूल पम्प के खराब गेट वॉल्व को बदलने संबंधी आवेदन दिया। इस पर विभागीय मैदानी अमले द्वारा सोलर ड्यूल पम्प का निरीक्षण कर तत्काल संयंत्र सुधार किया गया और अब सोलर ड्यूल पम्प क्रियाशील हो गया। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। ग्राम किशनपुरी के पांचूराम ने गांव में लगे सोलर हाईमास्ट लाइन को सुधारने के लिए आवेदन किया।



क्रेडा विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने संयंत्र में खराब बैटरियों और लाइट के स्थान पर नई सामग्री बदलकर पूरी तरह क्रियाशील कर दिया है। कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पचपेड़ी के लोमश कुमार साहू, चर्रा के तिलक राम ध्रुव, गिरौद के गजेन्द्र कुमार साहू ने भी सोलर पंप और सोलर हाईमास्ट लाइट की मरम्मत के संबंध में सुशासन तिहार में आवेदन दिया।

क्रेडा विभाग द्वारा सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि सुशासन तिहार में उनके आवेदनों का तत्काल निराकरण कर दिया गया है। वे कहते हैं कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि आवेदनों का इतना जल्द निराकरण होगा।

# कला केंद्र से युवाओं की प्रतिभा को मिलेगी नई पहचान



- इतवारी बाजार परिसर राम मंदिर के सामने कला केंद्र का महापौर ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नगर निगम की पहल पर कला केंद्र की स्थापना इतवारी बाजार परिसर राम मंदिर के सामने की गई है, जिसका उद्घाटन महापौर रामू रोहरा ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कला केंद्र न केवल बच्चों के लिए एक प्रशिक्षण स्थल होगा, बल्कि यह उनके सपनों को उड़ान देने वाला केंद्र भी साबित होगा।

नगर निगम की यह पहल निश्चित रूप से धमतरी के भविष्य को संवारने में सहायक होगी यह केंद्र शहर के युवाओं के लिए रचनात्मकता का नया द्वार खोलने वाला है। आने वाले समय में यह केंद्र स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का कार्य करेगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह कला केंद्र केवल एक भवन नहीं है, बल्कि यह बच्चों और युवाओं के आत्मविकास का स्थान है। यहां उन्हें कला की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। कला केंद्र में नृत्य, संगीत, रंगमंच, फोटोग्राफी, ज़ुम्बा, योग, ड्रामा, रंगोली, चित्रकला, गायन, मेहंदी और कर्सिव लेखन जैसी गतिविधियों के लिए विशेष प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है। इससे बच्चों को न सिर्फ कला की समझ मिलेगी बल्कि वे अपने शौक को करियर में बदलने का सपना भी देख सकेंगे।

# प्रयास विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा ली गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस परीक्षा के मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड किया जा चुका है, जिसका विद्यार्थी अवलोकन कर सकते हैं। इस संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह 15 मई तक आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि निर्धारित तिथि के बाद मिले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

इंदौर की प्रतिष्ठित व अनुभवी न्यूरोलाजिस्ट
डॉ. पर्तीशा नारायण गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन, डी.एम. न्यूरोलॉजी
पूर्व सीनियर रेसिडेंट, अरबिंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर
जांच व परामर्श के लिए धमतरी शहर में
3 मई से 12 मई तक प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगी।
न्यूरोलॉजी के मरीज यथा - लकवा (पैरालिसिस), मस्तिष्क रक्त स्राव, मिर्गी (दौरे पड़ना) एपिलेप्सी, सिर दर्द/ माइग्रेन, पारकिन्सन्स की बीमारी, कंपन रोग, याददाश्त का कमजोर होना व अल्जाइमर, मांसपेशियों की बीमारियां/ मायोपैथी/ मरकूलर डिस्ट्राफी, नसों की कमजोरी (न्यूरोपैथी), साइटिका, लंबर व सर्वाइकल स्पाडिलाइटिस, मस्तिष्क ज्वर, मेनेन्जाइटिस, (ब्रेन टीबी), बेहोशी एवं चक्कर आना, नींद संबंधी बीमारियां (अनिद्रा, नींद में चलना, बड़बड़ाना), मल्टीपल स्केलेरोसिस, न्यूरो माइलाइटिस आप्टिका, मेरूदंड का लकवा के बीमार इस हेतु संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक - 3 मई से 12 मई तक प्रतिदिन (प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक)
स्थान : डॉ. एन.पी. गुप्ता का अस्पताल
सदर बाजार, धमतरी मो. 94242-10299




HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्केन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 08 मई 2025 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में प्रातः10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, सभापति संदीप दीवान, उपसभापति डॉ. राकेश कुमार परदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

### सम्मान समारोह व आदर्श विवाह 11 को

**नर्रा।** सुरमाल परिक्षेत्र के तत्वावधान में सम्मान समारोह व सामूहिक आदर्श विवाह आश्रित ग्राम मुनगासेर में 15 मई सन 1975 में आयोजित किया गया था। जिसकी 50वीं वर्षगांठ साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 के मुख्यालय ग्राम घोयनाबाहरा में 11 मई रविवार को साहू भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें स्वर्ण जयंती समारोह, सामूहिक आदर्श विवाह व सम्मान समारोह के बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि में सांसद रुपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, टहल सिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज छग, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में रवि फरोदिया जिला पंचायत सदस्य व सभापति जल संसाधन विभाग, धरमदास साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज, भेखलाल साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज बागबाहरा, देवेश साहू अध्यक्ष सुरमाल परिक्षेत्र क्र 4 व उपाध्यक्ष नगर पालिका बागबाहरा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण लाल साहू संरक्षक साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 करेंगे।

### महासमुंद में जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा 13 को

**महासमुंद।** जिला शतरंज संघ व रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में जिला शतरंज चयन स्पर्धा 13 मई को रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में किया जाएगा। इस स्पर्धा में केवल अंडर 7, अंडर 9, अंडर 11 व अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से होगी। जिसमें खिलाड़ियों को सभी चक्र खेलना आवश्यक होगा। स्पर्धा के लिए टाइम कंट्रोल बगैर किसी इंक्रीमेंट के दोनों खिलाड़ियों को 15-15 मिनट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतिम चक्र पश्चात खिलाड़ियों के समान अंक आते है तो ऐसी स्थिति में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन द्वारा निर्धारित टाई ब्रेक नियमों का पालन किया जाएगा। जिला एवं प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य कैटेगरी के लिए खेल कैलेंडर भी जल्द घोषित किया जाएगा।



online Booking:-www.tripuryatra.com
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थान), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


### टैक्स नहीं पटाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : महापौर


# होर्डिंग्स, फ्लैक्स, ऐड एजेंसियों का लाखों बकाया, नगर निगम ने नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम क्षेत्र में लगे अवैध, वैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर पोस्टर के लाखों रूपये टैक्स बकाया है। एड एजेंसियों ने कई सालों से टैक्स नहीं पटाया है जिसकी वजह से राशि 15 लाख तक चढ़ गई है। निगम ने चिन्हांकित कर एड एजेंसियों को टैक्स पटाने नोटिस दिया है। समयावधि पश्चात अधिभार वसूली सहित कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि शहर के अंदर सैकड़ों वैध, अवैध, होर्डिंग्स, फ्लैक्स, पोस्टर लगे हुए हैं। समय-समय पर निगम अमला अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स की पहचान कर इसे हटाने का अभियान चलाता है। बीते माह भी अभियान चलाकर रायपुर रोड, बस्तर रोड, मुजगहन रोड, रूद्री रोड से लगभग 300 से अधिक बैनर पोस्टर को उखाड़ा था। इसी तरह वैध या अनुमति प्राप्त होर्डिंग्स, बैनर पोस्टर से संबंधित एड एजेंसियों को टैक्स पटाने नोटिस जारी किया है। इनकी संख्या भी दर्जनों में है। बकाया राशि 15-17 लाख रूपये है जो पिछले तीन साल से अटकी हुई है।





महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर को हटाया जा रहा है। वहीं अनुमति प्राप्त एड एजेंसियों से टैक्स वसूली की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल 8 लोगों को नोटिस जारी कर बकाया 15 लाख जमा करने कहा गया है। टैक्स नहीं पटाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि निगम क्षेत्र में खाली जमीन, मकानों के छत, मुख्य मार्ग किनारे, हाईवे में चौक के पास सैकड़ों होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर लगे हुए हैं। अवैध रूप से लगाए बैनर पोस्टर से कोई भी शुल्क नहीं मिल रहा है। वहीं वैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स बैनर का टैक्स बाकी है। इसके लिए वसूली अभियान चलाया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि अवैध होर्डिंग्स हटाने कार्रवाई निरंतर चलेगी। अवैध होर्डिंग्स से यातायात व्यवस्था जोखिम भरा रहता है। शहर की स्वच्छता व सुंदरता खराब हो रही है।

## पूर्व सीएम बघेल को क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पूर्व मुख्यमंत्री तथा महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी भूपेश बघेल से सोमवार को उनके निवास स्थान रायपुर स्थित कार्यालय में नगरी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने मुलाकात की। इस अवसर पर नगरी क्षेत्र की समस्याओं को उनके समक्ष रखने के साथ ही संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल कनेक्टिविटी समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया। श्री बघेल ने आश्वस्त किया कि नगरी क्षेत्र के विकास के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

## ओलंपिक में कबड्डी, खो-खो को शामिल करने पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्रीड़ा भारती की प्रांतीय मीटिंग रायपुर के एक होटल में हुई जिसमें ओलंपिक गेम में कबड्डी, खो- खो को शामिल करने पर विचार किया गया।

मीटिंग में प्रांत अध्यक्ष संजय सिह, महामंत्री सुमित उपाध्यय, श्रीमती नीता डुंगरे, धमतरी क्रीड़ा भारती अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सचिव रामकुमार साहू, ननकू महाराज, टिक्की निर्मलकर, सरिता मिश्रा उपस्थित थे।

## समाजशास्त्र विभाग के छात्रों ने वृद्धाश्रम में फल बांटे



- वृद्धजनों के अनुभव एवं ज्ञान को आत्मसात भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं डॉ. डीआर टण्डन सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र के निर्देशन में छात्रों द्वारा जीवन संध्या वृद्धाश्रम रुद्री में फल का वितरण किया।

विभाग के छात्र-छात्राओं एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डीआर टण्डन एवं सहायक प्राध्यापक निधिसिंह, जनभागीदारी प्राध्यापक गौरीशंकर बघेल द्वारा वृद्धजनों को फल वितरित किया।

चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आध्यात्मिक, भावनात्मक तथा सौंदर्य बोध की प्रस्तुति दी गई। वृद्धजनों ने अपने जीवन के अनुभव को छात्रों के साथ साझा किया। विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के अनुभव एवं ज्ञान को आत्मसात किया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 11 मई से 10 जून तक प्रस्तावित

- ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल खेलों को मिलेगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला मुख्यालय में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 मई से 10 जून तक प्रस्तावित है। इस आयोजन में ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी। सब जूनियर वर्ग के बालक-बालिका एवं जूनियर वर्ग के बालक-बालिका प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक एवं संध्या 5:30 से 7:30 बजे तक दिया जाएग। प्रशिक्षण शिविर से खिलाड़ी खेल विधाओं की जानकारियों से अवगत होंगे, जो उनके खेल कौशल में सहायक होगी। जिले में खेल का वातावरण बनेगा और नए खिलाड़ियों की रूझान खेलों की ओर बढ़ेगा और नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराने खेल से जुड़े हुए खेल संघ,संस्था एवं जिले के एनआईएस कोच, पीटीआई व्यापक प्रचार करते हुए सहमति प्रपत्र में जानकारी 2 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं। अधिक जानकारी के लिए जेपी देव सहायक खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण जिला धमतरी, लीना यादव संविदा कुश्ती कोच एवं विकास सिंह ठाकुर खेलो इंडिया लघु केन्द्र कुश्ती अस्थायी कोच से संपर्क किया जा सकता है।



## नगरी में मसालों की खेती की ज्यादा संभावनाएं



- विभाग किसानों के केसीसी प्रकरण तैयार कर बैंकों को शीघ्र भेजें : कलेक्टर


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के नगरी क्षेत्र में भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए वहां मसाला खेती की संभावनाएं अधिक हैं। इसके लिए विभागीय अधिकारी किसानों को शासन की योजनाओं-कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित कृषि एवं उससे संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिये। बैठक में कलेक्टर ने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित अन्य विभागों से किसानों के केसीसी प्रकरण की बैंकवार बारी-बारी से जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन प्रकरणों को बैंकों को शीघ्र भेजें। बैठक में कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को एनएलएम के तहत प्रकरण तैयार करने कहा। कलेक्टर ने जिले में बीते 1 मार्च से की जा रही चना खरीदी एवं किसानों को भुगतान की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में यूरिया वितरण की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मई माह में लक्ष्य के 40 प्रतिशत का वितरण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अमानक खाद-बीज का विक्रय करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने मसाला, मखाना, फल और सब्जियों की खेती के लिए अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की बात कही। उन्होंने इसके लिए अधिक से अधिक किसानों के प्रकरण तैयार करने कहा। कलेक्टर ने बीज निगम के अधिकारियों को मिलेट्स के बीज वितरित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने खाद हेतु किसान पंजीयन की जानकारी ली और परसतराई गांव का बीज के लिए पंजीयन करने कहा। दुग्ध संग्रहण हेतु जिले की पंजीकृत समितियों की जानकारी ली। उन्होंने माह में कुल संग्रहित दुग्ध की जानकारी लेते हुए ऐसी समितियां जो वर्तमान में सक्रिय नहीं है, उन्हें सक्रिय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों को दुग्ध का भुगतान न रोका जाये, राशि प्राप्त होते ही उनका भुगतान किया जाये। अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## फसल कम होने के बाद भी आम का भाव नहीं

आंधी, बारिश से आम फसल उत्पादकों को नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय एक्सपोर्टेड आम की आवक बाजार में शुरु हो गई है। माना जा रहा है कि इस साल आम की फसल कम होने से इसके दाम अधिक होंगे लेकिन 50 से लेकर 100 रूपए किलो तक आम बिकने लगा है। उद्यानिकी विभाग की माने तो आम के पेड़ों पर 35 से 40 प्रतिशत फल है। ऐसा एकांतर फलन के कारण हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले में खास तरह के आम के अनेक बगीचे हैं। डांगीमांचा, मरादेव, खिड़कीटोला, देमार, अमेठी, बाजारकुर्रीडीह, जोगीडीह, बनबगौद सहित जिले के दर्जनों आमब गीचे में स्पेशल क्वालिटी के आम उत्पादित होते हैं। इन आमों की डिमांड धमतरी सहित रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव आदि शहरों में खूब रहती है।

### शासकीय नर्सरी में 1 लाख में बोली लगी

शासकीय नर्सरी बेंद्रानवागांव में करीब 350 आम के वृक्ष हैं जिसमें दर्जनभर क्वालिटी के आम पेड़ हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार पिछले साल तीन लाख रूपए से अधिक की कीमत में आम की बोली लगी थी। इस साल मात्र 50 पेड़ों में आम की फसल है जिसकी बोल 1 लाख 2 हजार रुपए में हुई। बताया जाता है कि पहली बोली में बोलीदार कम पहुंचे थी। दूसरी बार में नीलामी हो पाई।

म्युनिस्पिल स्कूल के पास डा. चटर्जी नर्सिंग होम में खिरकीटोला के आम बगीचे से लंगड़ा दशहरी आम की बिक्री शुरु हो गई है। आम बेचने में जुटे लेखराज साहू बताते हैं कि हवा, बारिश तथा ओले से आम फसल को नुकसान पहुंचा है। आंधी से बिना पके आम गिर गए जबकि ओले के चलते पेड़ों में लगे आम की क्वालिटी कमजोर हो गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 50 रुपए किलो में आम बेच रहे हैं।

अमेठी के आम बगीचे का एक्सपोर्टेड क्वालिटी का आम छाजेड़ ज्वेलर्स में दो दिनों से बिक रहा है। सुरेश छाजेड़ ने बताया कि उनके बगीचे से पेड़ों में पके लंगड़ा दशहरी आम की मांग खूब है। धमतरी के रिश्तेदार जो नागपुर, मुंबई सहित अन्य शहरों में रहते हैं, वे आम भेजने की डिमांड कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आम 70 रुपये किलो है। गोला आफूस, केसर बाम्बे ग्रीन आम की आवक कुछ दिनों में शुरु हो जाएगी। आम के व्यवसायी जुनैद रिजवी बताते हैं कि इस साल एकांतर फसल का सीजन है जिसके कारण 30 प्रतिशत आम का उत्पादन हो पाया है। स्पेशल क्वालिटी का आम 100 रूपए किलो बिक रहा है।

## महापौर ने ठेकेदार का भुगतान रोका इंजीनियर की वेतनवृद्धि भी रूकी



- दानीटोला वार्ड से बिलाईमाता मंदिर तक दोनों छोर में बिछाए गए पेवर ब्लॉक मामले पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दानीटोला वार्ड से बिलाईमाता मंदिर तक सड़क के दोनों छोर में बिछाए गए पेवर ब्लॉक के मामले को लेकर महापौर रामू रोहरा ने कड़े तेवर दिखाते हुए पहले ठेकेदार का भुगतान रूकवाया। अब महीने भर बाद इस कार्य को देख रहे सब इंजीनियर का एक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी कराया है।

महापौर की कुर्सी पर बैठने के बाद रामू रोहरा ने पहला निरीक्षण दानीटोला से बिलाईमाता मंदिर तक सड़क के दोनों ओर करीबन 45 लाख रूपए की लागत से बिछाए गए पेवर ब्लाक कार्य का किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बिछाए गए पेवर ब्लाक का स्तर घटिया है। जब पेवर ब्लाक बिछाया गया तो नीचे जमीन में बेस डालने के बजाय रेत डाली गई थी। महापौर ने निरीक्षण के दौरान ही ठेकेदार का भुगतान रोकने निर्देशित किया था।

महापौर ने बताया कि इस मामले की गहन जांच के बाद पता चला कि ठेकेदार ने स्टीमेंट शर्तों के आधार पर कार्य नहीं किया। इस मामले में महापौर ने कमिश्नर को कार्रवाई करने के लिए कहा।

वहीं काम की देखरेख करने वाले सब इंजीनियर की एक वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश जारी हुआ है। ज्ञात हो कि इसी तरह महापौर ने आमापारा वार्ड में बनाई जा रही नाली और पाइपलाइन का भी निरीक्षण कर निर्माण कार्यों पर आपत्ति जाहिर की थी।

### मड़ाईभाठा में मनाया गया अक्ती पर्व

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम मड़ाईभाठा में अक्ती पर्व मनाया गया। कार्यक्रम तीन दिन चला। पहले दिन चुलमाटी, तेल, दूसरे दिन मायन एवं बारात स्वागत हुआ। बारात कृष्णा मंदिर से निकली। तारेश्वर महादेव मंदिर में बारात का स्वागत हुआ। बारात बोलेरो से आई थी।

### राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को लेकर मंगलवार को स्थानीय गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना दिया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित हल निकालने की मांग की है। कांग्रेसियों ने बताया कि बेतहाशा बिजली कटौती, गैस के दाम में पचास रूपए की बढ़ोतरी, 500 रूपए में रसोई गैस उपलब्ध न कराकर वादाखिलाफी करना, इतवारी बाजार अस्पताल के निर्माण पर रोक, निगम क्षेत्र में संपति कर की सही मूल्यांकन नहीं, जलापूर्ति बाधित होना, युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलना सहित विभिन्न जनहित के मुद्दे शामिल हैं। कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार की बर्खास्तगी की मांग करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रहते हुए जनविरोधी नीतियां अपना रही हैं।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। चना खरीदी के तीन माह बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। आवास योजना की राशि नहीं मिली। निगम कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। गरीब के मकानों पर बुलडोजर चल रहा है। गांवों में लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या है। यहां अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। स्वच्छता दीदियों को विकली आफ नहीं मिल रहा है। लोगों का सिर्फ सपने दिखा रहे हैं। मोहन लालवानी ने कहा कि पहलगाम घटना केंद्र सरकार की विफलता है। बेगुनाह मारे जा रहे हैं। पंकज महावर ने कहा कि राज्य की महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है, जो बेहद निंदनीय है। सरकार प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। धरना प्रदर्शन को अन्य कांग्रेसियों ने भी संबोधित करते हुए राज्य सरकार की जमकर आलोचना की।

मौके पर योगेश शर्मा, आकाश गोलछा, गोपाल शर्मा, अरविंद दोशी, हरमिंदर छाबड़ा, विजयप्रकाश जैन, होरीलाल साहू, राजा देवांगन, तारिक रजा कादरी, गीतराम सिन्हा, सूर्यप्रभा चेटियार, शास्त्री सोनवानी, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, वातांजलि गोस्वामी, जैनुद्दीन रिजवी, सोमेश मेश्राम सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020